फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री पूनम सिंह पुत्र श्री डूंगर सिंह गॉव व पो. आंजना वाया देवगढ़ तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द

— अपीलार्थी

बनाम

1. लोक सूचना अधिकारी उपखण्डं अधिकारी देवगढ़
2. लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़

— प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005

पत्रावली संख्या 74/2023

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 08.01.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से जरिये क्रमांक आरटीआई /2023/1001—03 दिनांक 06.11.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी श्री पूनम सिंह पिता डूंगर सिंह, पोस्ट आंजना, तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द द्वारा कार्यालय हाजा को सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना चाही गयी। वांछित सूचना इस कार्यालय से संबंधित नहीं होकर सम्पूर्ण सूचना तहसील कार्यालय देवगढ़ से संबंधित होने से प्रार्थी का आवेदन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (3)(1)(2) के तहत पत्र दिनांक 946—47 दिनांक 09.10. 2023 के द्वारा अन्तरण किया गया है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ से जरिये क्रमांक सूकाअ/37/2023/217 दिनांक 21.12.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बिन्दु संख्या 01 से 03 की वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक के उपलब्ध करवा दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक से अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bella लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर ★ (राज.) ★